राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:- nssrmpssuniversity@gmail.com , Contact No. 7302632933

पत्रांकः– आर0एम0पी0यू0 / २ ५ / 2022–23 दिनांकः–२५ सितम्बर, 2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त राजकीय / अशासकीय / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

विषयः– सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत दिनांकः 26 सितम्बर, 2022 को आयोजित विविधता में एकता कार्यक्रम के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या आर0एम0पी0यू0 1205 / 2022 दिनांकः 19 सितम्बर, 2022 के अनुपालन में विविधता में एकता कार्यक्रम के अन्तर्गत लोक परिधान / लोक नृत्य / प्रान्तीय व्यंजन का प्रदर्शन दिनांकः– 26 सितम्बर, 2022 दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे से धर्म समाज महाविद्यालय के सभागार में होना सुनिश्चित हुआ है।

कार्यक्रम सम्बन्धी विस्तृत जानकारी एवं निर्देश निम्नाकिंत हैंः–

(1) **लोक नृत्य–** विभिन्न प्रान्तों के नृत्य छात्र–छात्राओं के द्वारा, जैसे– गुजरात का गरबा, पँजाब का भाँगड़ा व गिद्धा, उत्तर प्रदेश का कत्थक, राजस्थान का घूमर नृत्य आदि की प्रस्तुति एकल या समूह में की जा सकती है।

(2) **लोक परिधान–** विभिन्न राज्यों के परम्परागत परिधानों का प्रदर्शन छात्र–छात्राओं के द्वारा किया जा सकता हैं। जैसे– महाराष्ट्र, गुजरात, कश्मीर आदि राज्यों के मुख्य परिधान।

(3) **प्रान्तीय व्यंजन–** भारत के विविध प्रान्तों के मुख्य व्यंजन जैसे– महाराष्ट्र की भेलपूरी व पावभाजी, गुजरात का ढोकला, राजस्थान की दाल–बाटी, चूरमा के लड्डू , दक्षिण भारत की इडली–डोसा, बिहार का लिट्टी चोखा, गोलगप्पे, मटरा की चाट आदि की प्रदर्शनी लगानी हैं।

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- nssrmpssuniversity@gmail.com , Contact No. 7302632933

छात्र/छात्राओं के लिए आवश्यक निर्देश–

1. प्रत्येक महाविद्यालय से एकल व समूह नृत्य में एक एक प्रस्तुति दी जा सकती है।
2. लोक नृत्य/ लोक परिधान के लिए छात्र/छात्राऐं स्वयं से तैयार होकर आये।
3. प्रान्तीय व्यंजन अपने घर से तैयार करके लाये। कार्यक्रम स्थल पर केवल प्रत्येक व्यंजन हेतु एक मेज उपलब्ध करायी जाएगी और अपनी मेज की सजावट का सामान प्रतिभागी स्वयं लेकर आएँ प्रान्तीय व्यंजन की केवल प्रदर्शनी लगानी है, बिक्री नहीं करनी है।
4. छात्र/छात्राओं के द्वारा लोक परिधान/ लोक नृत्य/प्रान्तीय व्यंजन के विषय में पूर्ण जानकारी देना अनिवार्य है।

कृपया, अपने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को उक्त कार्यक्रम में प्रतिभागिता करने हेतु प्रेरित करें व इच्छुक छात्र/छात्राओं के नाम कार्यक्रम संयोजकगण को दिनांकः– 23 सितम्बर, 2022 तक अवश्य भेजें ताकि संबंधित व्यवस्थाओं को समुचित रूप प्रदान किया जा सके।

संयोजक गण

डॉ0 अंजना कुमारी

(9411654895)

प्रो0 नीता वार्ष्णेय

(7302632933)

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. कुलसचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा/ अलीगढ़ मण्डल।
4. राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना (प्रकोष्ठ) उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन।